प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 06.12.2025 समय : 01:00 पी.एम.

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अपने निवास पर संभागीय बैठक में संवाद कर रहे है। आज जयपुर, जोधपुर और कोटा संभाग पर चर्चा की जा रही है। इन बैठकों में मौजूदा राज्य सरकार के कार्यकाल में संभाग में हुए कामों की प्रगति का फीडबैक लिया जा रहा है। इससे पहले मुख्यमंत्री शर्मा ने आज सुबह जयपुर में जवाहर सर्किल पर मॉर्निंग वॉक कर लोगों को फिट इंडिया–फिट राजस्थान का संदेश दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पार्क में सैर कर रहे लोगों से संवाद करते हुए स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का आग्रह किया।

0000

कृतज्ञ राष्ट्र आज भारत रत्न डॉ. भीम राव आंबेडकर की 70वीं पुण्यतिथि पर उन्हें नमन कर रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने आज नई दिल्ली स्थित संसद भवन परिसर में प्रेरणा स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की। महापरिनिर्वाण दिवस के मौके पर प्रदेश में भी डॉ. आम्बेडकर को श्रद्धासुमन अर्पित किये जा रहे है। मुख्यमंत्री ने बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

0000

सुप्रीम कोर्ट ने आश्वासन दिया है कि न्यायिक प्रक्रिया में **आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–एआई** के इस्तेमाल के मामले में न्यायाधीश बहुत सावधानी बरत रहे हैं। न्यायालय ने कहा कि ऐसी तकनीक कभी भी न्यायिक निर्णय लेने की प्रक्रिया पर हावी नहीं होगी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की अध्यक्षता वाली पीठ न्यायिक प्रणाली में एआई और मशीन लर्निंग के नियमन की मांग वाली एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। सीजेआई ने स्पष्ट किया कि न्यायपालिका तकनीक को लेकर बेहद सतर्क है। उन्होंने कहा कि एआई को न्याय लेने की प्रक्रिया पर कभी भी हावी नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने दोहराया कि भारतीय न्याय प्रणाली में न्यायाधीशों की स्वतंत्रता और मानवीय विवेक केंद्र में हैं।

0000

अजमेर में आज संभाग स्तरीय वाटर शैड महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आम्बेडकर मेडिकल कॉलेज सभागार में हो रहे इस कार्यक्रम में वाटरशैड पर परिचर्चा रखी गई है। जल ग्रहण विकास एवं भूसंरक्षण निदेशालय जयपुर के अतिरिक्त निदेशक राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लाभार्थियों को सम्मानित किया जायेगा। महोत्सव में विकास प्रदर्शनी भी लगाई गई है, जिसके माध्यम से अगन्तुकों को जल संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है।

0000

भीलवाडा में आज से अमृता हाट मेले की शुरूआत हुई। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने मेले का शुभारम्भ किया। मेले में 80 से अधिक स्वयं सहायता समूह भाग ले रहे है। महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने के उद्देश्य से रखे गये पांच दिन के इस मेले में रोजाना सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

0000

प्रदेश में आज सीकर, नागौर, दौसा, चूरू और अलवर सहित कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सैल्सियस से नीचे रहा। सबसे कम 2 दशमलव 3 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ सीकर का फतेहपुर आज भी सबसे सर्द बना रहा। मौसम विभाग के अनुसार 20 स्थानों पर रात का पारा 10 डिग्री सैल्सियस से नीचे रिकॉर्ड हुआ। अगले तीन–चार दिनों में शेखावाटी क्षेत्र में न्यूनतम तापमान में मामूली बढोतरी होने तथा राज्य के बाकी हिस्सों में रात का पारा 10 डिग्री सैल्सियस के आस–पास दर्ज होने का पूर्वानुमान है।

0000

बारां जिले के मंडोला गांव में बीती रात कार और ट्रक की टक्की में दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई और तीन अन्य लोग घायल हो गये। घायलों को कोटा रैफर किया गया है। कार सवार ये लोग छबडा निवासी बताये जा रहे है।

0000

सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सेना कमांडरों से वर्तमान और भविष्य के युद्धक्षेत्रों की जरूरतों को पूरा करने के लिए एकजुटता और नवाचार को मज़बूत करने को कहा है। कल नई दिल्ली में द्विवार्षिक मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री कमांडर्स सम्मेलन में उन्होंने बहु–क्षेत्रीय युद्ध में विकसित हो रही रणनीतियों, तकनीकों और प्रक्रियाओं पर बल दिया। दो दिन के सम्मेलन में **"संयुक्त शस्त्र अभियानों में प्रमुख एकीकरणकर्ता के रूप में मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री"** विषय पर गहन विचार–विमर्श हुआ।

0000